सं0: 981 / 7(वि)/2020

विधान सभा सचिवालय
उत्तर प्रदेश

दिनांकः 19 अगस्त, 2020

प्रेषक,

प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उ0प्र0।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0,
पार्क रोड, हजरतगंज, लखनऊ।

महोदय,

दिनांक 20 अगस्त, 2020 को आहूत विधान सभा के सत्र के संदर्भ में मा0 मुख्यमंत्री जी, मा0 अध्यक्ष, विधान सभा एवं मा0 संसदीय कार्य मंत्री जी के मध्य सम्पन्न हुई बैठक के पश्चात् यह निदेश दिए गए हैं कि उक्त सत्र में विधान सभा में मात्र दूरदर्शन एवं ए0एन0आई0 के प्रतिनिधियों को ही प्रवेश अनुमन्य होगा।

उक्त के अतिरिक्त मुझे यह कहने का निदेश भी हुआ है कि अन्य सभी मीडिया बन्धुओं के लिए तिलक हॉल में व्यवस्था की जाएगी, जहां पर वे सदन की कार्यवाही को सजीव देख सकते हैं। तिलक हॉल में वे ही मीडिया के लोग प्रवेश पाएंगे, जिनको निदेशक, सूचना के स्तर पर प्रवेश पत्र निर्गत किया जाएगा।

अतः कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का कष्ट करें। विधान सभा सचिवालय द्वारा मीडिया के सभी प्रतिनिधियों को तद्नुसार सूचित किया जा रहा है।

(प्रदीप दुबे)
प्रमुख सचिव।